जवाहर फ़ाउन्डेशन

सौजन्य से रिजु झुनझुनवाला

Masik Samachar

# मासिक समाचार

मई 2021










# जवाहर फ़ाउन्डेशन

सौजन्य से रिजु झुनझुनवाला










# रिजु झुनझुनवाला के कलम से

लोगों की सहायता करना और अपने समुदाय के लोगों के लिए खड़े रहना हमारे संस्कृति में है। मेरी प्रेरणा का श्रोत हैं मेरे दादाजी, श्री ल. न. झुनझुनवाला जिन्होने हमेशा पीड़ितों और बेसहारों की मदद की और सिखाया की कैसे हमें समाज को वापस देना है।

चाहे वो रामकृष्णा मिशन को सहयोग देना हो या हमारे कार्यस्थलों पर नई पाठशालाएँ बनवाने का कार्य और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं में राहत का काम करना, हम लोगों ने हमेशा ज़रूरतमंदों की सहयता की है।

यह शुरुआत से मेरी दृष्टि रही है की मैं अपनी जन्मभूमि (राजस्थान) के लिए कुछ करूँ और जनसेवा की इस विरासत को आगे लेके जाऊँ। इसी दृष्टिकोण के चलते मैं लोक सभा के चुनाव में अजमेर से खड़ा हुआ और यह निर्णय किया की मैं हारूं या जीतूं मेरा निरंतर यही प्रयास रहेगा की अजमेर और भीलवाड़ा के लोगों को वही मिलेगा जिसके वो हक़दार हैं; एक बेहतर जीवन।

और यहीं से सन 2019 में जन्म हुआ जवाहर फाउंडेशन का, जिसका उद्देशय है अजमेर और भीलवाड़ा के लोंगो की सहायता और सशक्तिकरण। इसकी शुरुआत हुई थी महिलाओं के लिए पांच कौशल कार्यशाला की स्थापना के साथ और बस दो साल के समय में एक वैश्विक महामारी के बावजूद आज जवाहर फाउंडेशन एक घरेलू नाम बन गया है और लोगों में ये विश्वास है की किसी भी आपदा में उन्हें यहाँ से ज़रूरी मदद मिलेगी।

हम अभी पांच महत्वपूर्ण विकास क्षेत्र पर ध्यान दे रहे हैं जिनमें मौजूद है : स्वास्थ्य और स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार सृजन तथा जल उपलब्धता। हमारा लक्षय है इस प्रयास को जारी रखना जबतक अजमेर और भीलवाड़ा का हर नागरिक सशक्त न होजाये।

अगर आपको लगता है की आप भी इस समाज के लिए कुछ अच्छा करना चाहते हैं जहाँ हम सब रहते हैं तो मेरा आपसे निवदेन है की आप हमारी इस मुहीम का हिस्सा बनें।

संस्थापक- जवाहर फाउंडेशन



## स्वास्थ्य और स्वच्छता

कोविड-19 हम सबके लिए आंखें खोल देने वाला दृश्य रहा है और इस महामारी ने स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व को हमारे जीवन में दर्शाया है। जवाहर फाउंडेशन यह सुनिश्चित करने में कोई कमी नही छोड़ेगा कि अजमेर व भीलवाड़ा के सभी नागरिकों को यथाशक्ति चिकित्सकीय सहयता उपलब्ध हो।

## खाद्य सुरक्षा

यह धरती पर रह रहे हर मनुष्य का मूल अधिकार है और जवाहर संस्था यह सुनिश्चित करेगी कि हर ज़रूरतमंद को भोजन केवल ₹1 में उपलब्ध हो।

## शिक्षा

जवाहर फाउंडेशन छात्रों के लिए ऐसी छात्रवृत्ति योजनाएं लाएगी जो केवल शैक्षणिक नहीं बल्कि खेल कूद के क्षेत्र में भी लागूं हो।

## रोजगार सृजन

हम एक औद्योगिक क्रांति लाएंगे और अजमेर और भीलवाड़ा दोनों में रोज़गार उत्पन्न करेंगे जिससे वहां के नागरिक वहीं शहर में रहके अपना जीवन यापन कर सकें। हम उद्योग स्थापित करेंगे तथा कौशल सीखने के केंद्र के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा देंगे।


## जल उपलब्धता

आने वाले कुछ वर्षों में पानी के टैंकरों को भेजने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी और इन सब की योजनाएँ बनाई जाएँगी - रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स और चेक डैम की मदद से।


# समीक्षा में महीना

कोविड-19 के प्रति बीते मई के महीने में किया गया कार्य

ऑक्सीजन पाइपलाइन का
**100**
**बेड्स**
के लिए प्रबंध








**2 x 45** ल.प.म.
**ऑक्सीजन**
जेनरेटरस सेटप
**25** पॉइंट्स के साथ

**1,00,000**
**फेस मास्कस**
का वितरण

**20**
सैनीटाईज़एशन
मशीनों द्वारा
अजमेर के सभी
वार्डस की सफाई



**22,000+**
**खाने के पैकेट्स**
का ज़रूरतमंदों में वितरण



पुरे अजमेर में
**120 बेड्स**
की सुविधा **अस्पतालों**
और स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध करायी

**टीकाकरण अभियान के लिए फाउंडेशन द्वारा ₹1 करोड़ की धनराशि भी दान की गई**

# ₹1 करोड़ की धन राशि का दान टीकाकरण अभियान के लिए



देश के पूर्व प्रधानमंत्री, पंडित श्री जवाहर लाल नेहरू जी की 57वी पुण्यतिथि पर जवाहर फाउंडेशन द्वारा ₹1 करोड़ की धनराशि का दान किया गया राजस्थान चीफ मिनिस्टर रिलीफ फण्ड फॉर कोविड-19 वैकसीनेशन ड्राइव् में।

राजस्थान

# मास्क वितरण अभियान





अजमेर व भीलवाड़ा के सभी सरकारी कार्यालय में लोगों को सुरक्षित रखने के लिए हमने 1,00,000 फेस मास्क का वतिरण किया।

अजमेर; भीलवाड़ा, राजस्थान

# कोविड सुरक्षा किट का वितरण






राजस्थान के मुख्यमंत्री माननीय श्री अशोक गेहलोत जी के जन्म दिवस पर जवाहर फाउंडेशन ने जिला कांग्रेस कमेटी के साथ मिलकर कोविड-19 जागरूकता अभियान संचालित करवाया और साथ ही कोविड पॉजिटिव मरीजों की देखभाल करने वाले कोरोना योद्धा को सुरक्षा किट्स भी उपलब्ध करवाई।

राजस्थान

# अजमेर की सड़कों का सेनिटाईज़ेशन





जवाहर फाउंडेशन ने स्वयंसेवकों की सहायता से बैटरी संचालित सेनिटाईज़र मशीनों के द्वारा अजमेर के सभी वार्डो के हिस्सों में सेनिटाईज़ेशन करवाया। सेवादल के कार्यकर्ता शहर के ऐसे क्षेत्रों में गए जहाँ केंद्रीकृत ट्रकों का जाना संभव नहीं था और इस तरीके से संस्था ने इस अभियान को सफल बनाया और प्रशासन का सयोग किया।

अजमेर, राजस्थान

# अजमेर में 60 बेड कोविड वार्ड सुविधा का आरंभ





अजमेर के लोगों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप, एक पूरी तरह से सुसज्जित वातानुकुलित 60 - बेड सुविधा शुरू की गयी जे.एल.एन अस्पताल में जवाहर फाउंडेशन द्वारा। यह सुविधा मई के पहले सप्ताह से संचालन में है।

अजमेर, राजस्थान

# भीलवाड़ा में 100 बेड कोविड केयर सुविधा का आरंभ






दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गाँधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर जवाहर फाउंडेशन ने 100 बेड कोविड केयर पृथक वास सुविधा का ऑक्सीजन पाईपलाइन के साथ प्रक्षेपण अग्रवाल भवन में किया गया। यह कदम क्षेत्र में ऑक्सीजन की कमी को पूरा करने के वचन के अंतर्गत लिया गया।

भीलवाड़ा, राजस्थान

# ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना




गुलाबपूरा के सरकारी अस्पताल में जवाहर फाउंडेशन द्वारा ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना में प्रशासन की मदद की गई। 45 लिटर्स प्रति मिनट की क्षमता रखने वाले इस प्लांट की सुविधा से कई कोविड के मरीज़ों को उन्ही के शहर में मदद, चिकित्सा व देखभाल मिली।

भीलवाड़ा, राजस्थान

# ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर्स के लिए दान



राधे सोशल फाउंडेशन का 100 ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर्स खरीदने का उद्देश्य पूरा हुआ जवाहर फाउंडेशन द्वारा दिए गए अजमेर ऑक्सीजन बैंक के लिए ₹5 लाख की धनराशि के दान से।

अजमेर, राजस्थान

# कोविड के रोगियों के लिए भोजन उपलब्ध किया गया



जवाहर फाउंडेशन ने अजमेर और भीलवाड़ा में 22,000 फ़ूड पैकेट उपलब्ध कराये।

अजमेर; भीलवाड़ा, राजस्थान

# राशन किट्स, फ़ूड पैकेट्स आदि का वितरण





जवाहर फाउंडेशन ने भीलवाड़ा की क्षेत्रीय बस्तियों में सूखी राशन किट्स, फ़ूड पैकेट्स आदि का वितरण किया। यह अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए था कि स्थानीय लोगों तक रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुएँ उपलब्ध हों। यह अभियान एक दूसरी ऍनजीओ भीलवाड़ा ऐड के साथ पूरा किया गया।

भीलवाड़ा, राजस्थान

# मुफ्त कंप्यूटर शिक्षा-वंचित छात्रों के लिए







जवाहर फाउंडेशन वंचित छात्रों के लिए मुफ्त कंप्यूटर एजुकेशन कक्षाएँ दे रही है और इस प्रकार डिजिटल साक्षरता प्रदान कर रही है। वर्तमान में हमारे 6 केंद्र हैं जिनमें 1000 से ज़्यादा छात्र दाखिल हैं।

अजमेर, राजस्थान

मास्क ही महा कवच है - डॉ जयपाल
50 कोरोना सेफ्टी किट का वितरण

नो मास्क,नो एंट्री के बोर्ड लगाकर जवाहर
फाउंडेशन ने किया जागरूक

जवाहर फाउंडेशन लगाएगा
ऑक्सीजन प्लांट

जवाहर फाउंडेशन के सहयोग से लगे 100 ऑक्सीजन
पॉइंट का जिला कलक्टर ने किया निरीक्षण

जवाहर फाउंडेशन ने स्वास्थ्य कर्मियों पैरामेडिकल स्टाफ नर्सिंग स्टाफ
और एमजीएम हॉस्पिटल के सिक्योरिटी स्टाफ को बांटे मास्क

मुख्यमंत्री वैक्सीनेशन कोष में दिए 1 करोड़ रुपए

ऑक्सीजन प्लांट का शुभारंभ

जवाहर फाउंडेशन गरीब परिवार के बच्चों
की 12 वीं तक की शिक्षा का उठाएगा खर्चा

जवाहर फाउंडेशन का सेनिटाइजर अभियान
ग्राम पंचायत डोडियाना में दूसरे दिन भी किया
सोडियम हाईपोक्लोराइड दवा का छिड़काव

जवाहर फाउंडेशन ने शहरी क्षेत्र में कराया सेनेटाईज

## हमारी मुहिम से जुड़िये


पता: ए-1, बी एस एल हाउस, गाँधी नगर, भीलवाड़ा-311001, राजस्थान

फोन: +91-98917 77232

ई-मेल: contact@jawaharfoundation.com